हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार 25 जनवरी 2026

13 गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल में राष्ट्रभक्ति...



13 बापोड़ा सांग महोत्सव में नौरत्न के मंचन...



CHINAR FABRICS
Chinar Mill Showroom
चिनार मील शोरुम
नजदीक बासिया भवन, हांसी रोड, भिवानी M.: 70567-95900
सबसे सस्ता सबसे अच्छा मिल का माल
हमारे यहां सभी उच्च ब्रांडों के कपड़े उपलब्ध है व आधुनिक मशीनों द्वारा सिलाई भी की जाती है
कोट पैन्ट 1999/-
ब्लेजर 1499/-
वूलन शर्ट 799/-
जैकेट 699/-
शर्ट 499/-

## खबर संक्षेप

### पुलिस भर्ती में आयु बढ़ाने पर जताया आभार

**भिवानी।** हरियाणा पुलिस कांस्टेबल भर्ती की तैयारी कर रहे हजारों युवाओं के लिए राहत की बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के युवाओं के लिए अधिकतम आयु सीमा में विस्तार की मांग को स्वीकार करने पर अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष कुलदीप फौगाट ने मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि कुलदीप फौगाट पिछले काफी समय से सामान्य वर्ग के उन युवाओं की आवाज उठा रहे थे, जो लंबे समय से भर्तियां न होने के कारण ओवरएज हो चुके थे।

### अंक सुधार परीक्षा में नकल का मामला दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो (डॉ ) पवन कुमार ने बताया कि आज संचालित हुई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) विशेष अंक सुधार परीक्षा में नकल का 01 मामला दर्ज किया गया। आज प्रदेशभर में 05 परीक्षा केन्द्रों पर सीनियर सैकेण्डरी की रसायन विज्ञान, व्यवसायिक अध्ययन एवं इतिहास विषय की परीक्षा सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित हुई।

### अवैध शराब बेचने पर आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने एक आरोपी को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के मुख्य सिपाही पवन कुमार अपनी टीम के साथ बस अड्डा कितलाना क्षेत्र में गश्त व पड़ताल ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि कितलाना बस अड्डा से आगे एक चाय की दुकान संचालक, दुकान के पीछे बने बाथरूम में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्परता से बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके से एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया।

### लाडावास में लगा कानूनी जागरूकता शिविर

**बहल।** लाडावास गांव में जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों को संविधान द्वारा भारतीय नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकारों, कानूनी कर्तव्यों और विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में जानकारी दी गई।

शनिवार को गांव में आयोजित शिविर चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया के निर्देशानुसार व सीजेएम पवन कुमार व उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में लगाया गया।

### शहीदों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह

**बहल।** भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति बहल द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में सर्वोदय अस्पताल हिसार के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए कर्नल ब्रह्मसिंह श्योराण बिधनोई ने बताया कि बहल कस्बे में समिति द्वारा लोहारू रोड पर शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। यह स्मारक शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएगा। इसी स्मारक स्थल पर वीर सैनिकों के सम्मान में 26 जनवरी को ध्वज फहराया जाएगा।

## बारिश के बाद धूप भी निकली लेकिन ठंड से नहीं मिली राहत

# 13 किमी प्रति घंटे की गति से चली हवा में ठिठुरी छोटी काशी

**गेहूं को छोड़कर बाकी फसलों में पाले से नुकसान की संभावना, किसान चिंतित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दो दिनों तक हलकी बारिश व बूंदाबांदी के बाद शनिवार को कोहरे (पाले) की चादर बिछ गई। हालांकि आज सुबह ही चटक धूप निकली,लेकिन सूर्य निकलने से पहले चहुंओर सफेद पाले की पर्त जम गई। गेहूं को छोड़कर बाकी फसलों में पाले का नुकसान होगा। गेहूं की फसल के पत्तों पर जमी हलकी सी बर्फ की परत जमी हुई थी, जो कि धूप निकलने के बाद पिंघलकर पौधों की जड़ों तक पहुंच गई। जिससे गेहूं की फसल में फायदा होने की संभावना बनी है। अन्य फसलों में पाले का नुकसान होगा। वहीं इस दौरान 13 किलोमीटर प्रति घंटे के हिसाब से हवा चलने से लोगों की कंपकपी छूटती रही। थोड़ा सा सूर्य देव उपर चढा तो मौसम में थोड़ी सी गर्मी हुई तो लोगों को ठंड से राहत मिलनी शुरू हुई। शाम ढलते ही फिर से ठंड ने अपनी जकड़न में लेना आरंभ कर दिया। शनिवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त धीमी गति से हवा चल रही थी। उस वक्त पारा भी कभी नीचे तो कभी तीन डिग्री सेल्सियस से नीचे गोता मार रहा था। सूर्यदेव के दर्शन हुए तो लोगों को लगा कि अब ठंड से छुटकारा मिलेगा,लेकिन सूर्यदेव के दर्शन होते ही पारे ने एकदम गोता मारा, जिस वजह से कुछ देर बाद चहुंओर पाले (कोहरा) की सफेद चादर बिछी नजर आने लगी। ठंड की वजह से लोगों की कंपकपी छूटने लगी। आठ बजे तक इसी तरह का मौसम रहा। उसके बाद चटक धूप की वजह से जमीन पर बिछी सफेद चादर पिंघलनी शुरू हुई।



भिवानी। गन्ने की फसल पर जमा पाला। *फोटो : हरिभूमि*

### तेज हवाओ ने बढ़ाई ठंडक

वैसे तो पारा एकदम नीचे जाने की वजह से ठंड बढ गई। साथ में 13 किलोमीटर की गति से हवा चलने लगी। हवा में बेहद ज्यादा ठंडक घुलने की वजह से और ठंड बढ गई। जिसके चलते शहर की सड़के व गलियों में सन्नाटा पसरने लगा। लोग देर तक घरों में ही रहे। लोगों ने अलाव के सहारे अपने आप को ठंड से बचाया। करीब नौ बजे के आसपास हवा की गति पर ब्रेक लगे और सूर्य की तपिश बढ़ी तो लोगों को ठंड से राहत मिलनी शुरू हुई।

### सब्जी की फसलों के लिए पाला बनी आफत

गेहूं की फसल को छोड़कर बाकी फसलों के लिए पाला सबसे खतरनाक साबित होगा। क्योंकि अन्य फसलों में पाला सहने की क्षमता नहीं होती। ऐसे में पाले का सबसे ज्यादा असर आलू, बैंगन, मिर्च,टमाटर व अन्य फसलों पर पड़ेगा। इनके अलावा पाले का असर सरसों की फसल पर भी पड़ने वाला है। चूंकि अगेती सरसों की फसल में फलियां बनने लगी है। फलियों में दाना बन रहा है। अगर इस वक्त दाने बनने की प्रक्रिया में पाला गिर जाए तो दाने का पानी जम जाएगा। जिससे फलियों में दाना नहीं बन पाएगा।



बवानीखेड़ा। मुंढाल में आंधी-तूफान-बारिश से उड़ी प्लेट। *फोटो : हरिभूमि*

### गांव मुंढ़ाल में मौसम की मार

## तेज हवा से खेतों में लगी सोलर प्लेटे उड़ीं, किसानों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

क्षेत्र के गांव मुंढ़ाल में बीती रात्रि आई तेज आंधी, हवा व बारिश से किसानों के अरमानों पर पानी फिर गया और उनकी खेतों में लगाई गई सोलर प्लेट उड़कर किसी अन्य स्थान पर पाई गई तो कुछ गुम हो गई। जिससे किसानों का लाखों रूपयों का नुकसान हो गया। किसान राजेश, सुरविन्द्र, मांगेराम, सुमेर, राजपाल आदि ने बताया कि सर्दी में मुसलाधार बारिश के कारण उनके अरमानों पर पानी फिर गया। नलकूपों के लिए लगाई गई सौर ऊर्जा की प्लेट जिनको हवा ने नहीं बक्शा तथा उन्हें उखाड़कर बहुत दूर-दराज एरिया में फैंक दिया जिससे उन्हें काफी नुकसान का सामना करना पड़े। उन्होंने बताया कि उन्हें लाखों रूपयों का नुकसान हो गया है। उन्होंने बड़ी मुश्किल से धन जमा करके इसकी व्यवस्था की थी लेकिन आंधी तूफान व बारिश के कारण उनके अरमानों पर पानी फिर गया। किसानों की मानें तो उन्होंने बड़ी मुश्किल से इन्हें लगवाया था और धनराशि व्यय की थी।

**हवा में प्लेटे और बक्से दूर जा उड़े**

# विद्या विहार की छात्राओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार की कक्षा दसवीं की छात्राओं ने सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा सरस्वती महोत्सव–2026 के अवसर पर पेहोवा तीर्थ (पेहोवा, कुरुक्षेत्र) में आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्राएँ इशिका, देविका एवं कुसुम ने इससे पूर्व जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित होकर भिवानी जिले का प्रतिनिधित्व किया और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं 15,000 की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य एवं उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ द्वारा छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के दौरान एस्कॉर्ट शिक्षिका सारिका अरोड़ा को भी सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर पराक्रम दिवस के अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं कुमारी गुंजन, आकांक्षा श्योराण, आशी तंवर, दक्ष कुमार, वरुण सिंह, हितेश कौशिक, अश्मि शर्मा, आराध्या चौधरी एवं हार्दिक चौहान ने सहभागिता की। सर्वाधिक अंकों के आधार पर दक्ष कुमार ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



भिवानी। शिक्षकों के साथ प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो के लिए हुए रवाना

**बवानीखेड़ा।** भिवानी जिले के सरकारी विद्यालयों से 3 छात्रों व एक शिक्षिका का दल इसरो साइंस स्पेस अहमदाबाद के लिए जिला परियोजना संयोजक शिव कुमार की शुभकामनाओं के साथ रवाना हुआ। ये विद्यार्थी और शिक्षिका अब इसरो के बारे में गहनता से जानकारी हासिल करेंगे। चयनित छात्रों में मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी के कक्षा ग्यारहवीं का प्रियव्रत, राजकीय कन्या विद्यालय बापोड़ा से गीतिका कक्षा 9वीं की छात्रा और राजकीय उच्च विद्यालय हेतमपुरा की 9वीं की छात्रा दीपिका शामिल है। राजकीय उच्च विद्यालय हेतमपुरा से रेणु विज्ञान अध्यापिका इस दल के एस्कॉर्ट अध्यापक के रूप में चयनित हुई है।

# एसडीएम ने गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- राज्यसभा सांसद किरण चौधरी होंगी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को चौ. सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में आयोजित होने वाले उपमंडलस्तरीय समारोह को लेकर चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने बताया कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि उपमंडलस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। चौ. सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में होने वाले समारोह को लेकर सभी तैयारियों को फाइनल रिहर्सल के साथ ही अंतिम रूप दे दिया गया है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर पेयजल, बिजली और शौचालय साहित सफाई व्यवस्था का उचित प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने यातायात और पार्किंग को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समारोह को भव्य व सफल बनाने में योगदान दें। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सुव्यवस्थित बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए।



तोशाम। समारोह स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्यक्रम** मंत्री श्रुति चौधरी ने महर्षि वाल्मीकि के मूर्ति स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत की

# महर्षि वाल्मीकि की रचनाएं जीवन में हमेशा शाश्वत रहेंगी: श्रुति चौधरी

**इंसान को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश देता है भागवान वाल्मीकि का जीवन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि संत-महात्मा हमारे देश की पहचान है, जिन्होंने समय-समय पर सामाजिक बुराइयों को मिटाने का संदेश दिया है, उनमें भगवान महर्षि वाल्मीकि जी का नाम प्रमुखता से लिया जाता है, जिन्होंने रामायण की रचना की, जो हमेशा शाश्वत रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें उनके उपदेशों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। श्रुति चौधरी शनिवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में लव-कुश सेना समिति के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि के तृतीय मूर्ति स्थापना दिवस विचार कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत की धरती धन्य है, जहां पर महर्षि वाल्मीकि की रचनाएं हमें मिली हैं, उनकी रचनाएं हमारा मार्गदर्शन का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं की वाणी का प्रभाव हमेशा-हमेशा के लिए बना रहता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने जहां एक तरफ रामायण की रचना की वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपनी कलम से शिक्षित होने का संदेश दिया।



भिवानी। एक अन्य कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करती मंत्री श्रुति चौधरी।

### ये मौजूद रहे

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चोपड़ा, एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, एडवोकेट रामप्रताप शर्मा, अमर सिंह हालवासिया, दिलबाग नीमड़ी, परमजीत मड्डू, कृष्ण लेघां, मास्टर राजेश वाल्मीकि, दीपक पार्षद हिसार, जोगेंद्र, पुरुषोत्तम दरोगा, बबल, राजेराम सिंगला, रायचंद सिंगला, पहलवान, मास्टर अनिल, प्रधान राजबीर पहलवान, महेन्द्र तोशाम, शम्मी, सुंदर, राहुल कांगड़ा, विक्की, भंवर, मुकेश, काका,राजेश धनाना, सुनील, जयबीर, अशोक, प्रदीप सहित अनेक विद्यार्थी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

R.E.D. GROUP OF SCHOOLS
Chhuchhakwas, Jhajjar, Ch. Dadri (Haryana)
(C.B.S.E. Affiliated with Hostel for Boys & Girls)
VACANCIES
For our Schools at Chhuchhakwas, Jhajjar & Charkhi Dadri applications are invited from competent, experienced, energetic, passionate and effective professional candidates with teaching aptitude, fluency in English and IT skills. Those interested to join immediately or any time up to 31st March 2026 should apply for the following :
TGT's — English, Hindi, Maths, Social Science, Science, Computer Science and Sanskrit. Gross Salary : Rs. 6 to 7 Lacs p.a. approx
Asstt. Teachers — English, Sanskrit, Hindi, S.Sc., Maths, Computer Science, PTI, Music, and Dance. Gross Salary : Rs. 3 to 4 Lacs p.a. approx
Office Assistant — Computer Operators and Librarian. Gross Salary : Rs. 3 to 4 Lacs p.a. approx
Residence — Residential Accommodation available in Chhuchhakwas Campus.
Transport — School conveyance from Bhiwani, Dadri, Bahadurgarh, & Rohtak available.
Candidate should e-mail their application with Bio Data, Photo and Contact No. at the earliest to the Director, R.E.D. Society, Chhuchhakwas, Distt. Jhajjar Pin-124106
Only short-listed candidates will be called for Interview.
Email : career.red@gmail.com, www.redschools.org, Ph. 9992114101



# छोटी रकम, पर बड़ी सोच रखें, तैयार कर सकते हैं 25 लाख तक का फंड

सुझाव | बिजनेस डेस्क

मिडिल क्लास की सबसे बड़ी चिंता भविष्य की सुरक्षा होती है। सैलरी आती है, खर्च निकल जाता है और बचत हाथ से फिसल जाती है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रोज की छोटी आदतें आपकी जिंदगी का बड़ा सहारा बन सकती हैं? एक ऐसा तरीका है, जो बिना भारी बोझ के मजबूत फंड बनाने की राह खोलता है। आज के समय में सिर्फ अच्छी नौकरी या ठीक-ठाक कमाई होना ही काफी नहीं है। जितनी तेजी से महंगाई बढ़ रही है, उसी तेजी से पैसे को बढ़ाना भी जरूरी हो गया है। मिडिल क्लास परिवारों के लिए यह चुनौती और भी बड़ी हो जाती है, क्योंकि आमदनी सीमित होती है और जिम्मेदारियां ज्यादा। ऐसे में ज्यादातर लोग सोचते हैं कि बड़ा फंड बनाना उनके बस की बात नहीं है, लेकिन सच्चाई यह है कि सही आदत और सही प्लानिंग से छोटी बचत भी बड़ा कमाल कर सकती है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि ज्यादा निवेश के बिना बड़ा फंड कैसे बने, तो जवाब आपकी रोज की छोटी बचत में छिपा है।

### हमेशा बड़ी सोच रखो

अक्सर हम यह मान लेते हैं कि निवेश तभी संभव है जब जेब में ढेर सारा पैसा हो। इसी सोच की वजह से लोग निवेश को टालते रहते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बड़ा फंड एक दिन में नहीं बनता, बल्कि रोज के छोटे फैसलों से तैयार होता है। रोज 200 रुपये बचाना कोई भारी बोझ नहीं है। यह रकम हम अक्सर अनजाने में चाय, सिगरेट, फास्ट फूड या ऑनलाइन ऑर्डर में खर्च कर देते हैं। अगर यही 200 रुपये रोज बचाकर भविष्य के लिए लगा दिए जाएं, तो यही छोटी आदत कुछ सालों में आर्थिक आजादी की तरफ ले जा सकती है।

### निवेश पहले से कहीं ज्यादा आसान

आज के दौर में निवेश पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। म्यूचुअल फंड एसआईपी ने आम आदमी को भी निवेश की ताकत दे दी है. अब निवेश के लिए बड़े चेक या लंबी प्रक्रिया की जरूरत नहीं। आप हर दिन 200 रुपए भी जमा करते हैं तो महीने में 6000 रुपए म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं। इसका फायदा यह है कि आपको निवेश का दबाव महसूस नहीं होता। पैसे धीरे-धीरे कटते रहते हैं और आपको पता भी नहीं चलता कि कब एक अच्छा-खासा फंड तैयार हो गया।

### रोज 200 रुपये से 25 लाख कैसे

अब सवाल आता है कि आखिर रोज की इतनी छोटी बचत से 25 लाख रुपये कैसे बन सकते हैं. अगर आप रोज 200 रुपये निवेश करते हैं, तो महीने में लगभग 6,000 रुपये और साल में करीब 72,000 रुपये का निवेश हो जाता है। अगर आप यह निवेश लगातार 14 साल तक करते हैं और औसतन 12 प्रतिशत सालाना रिटर्न मिलता है, तो आपकी कुल जमा रकम करीब 10 लाख रुपये होगी, लेकिन कंपाउंडिंग की वजह से आपके पैसे पर पैसा बनता रहेगा और रिटर्न के रूप में लगभग 15–16 लाख रुपये जुड़ सकते हैं। इस तरह अंत में आपका फंड करीब 25 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

### मिडिल क्लास के लिए कितनी फायदेमंद

एसआईपी मिडिल क्लास परिवारों के लिए इसलिए खास है क्योंकि यह उनकी जीवनशैली में आसानी से फिट हो जाती है। लंबी अवधि के लिए निवेश करने से बाजार के उतार-चढ़ाव का असर कम हो जाता है। जब बाजार ऊपर होता है, तो कम यूनिट मिलती हैं और जब बाजार नीचे होता है, तो ज्यादा यूनिट मिल जाती हैं।

### निवेश को समय देना है जरूरी

यह समझना बहुत जरूरी है कि म्यूचुअल फंड कोई रातों रात अमीर बनने की स्कीम नहीं है। इसमें समय देना पड़ता है. बीच में बाजार गिर सकता है, लेकिन अगर आप घबराकर निवेश बंद नहीं करते और धैर्य बनाए रखते हैं, तो लंबे समय में इसका फायदा जरूर मिलता है। जैसे-जैसे आपकी आमदनी बढ़े, वैसे-वैसे एसआईपी की रकम बढ़ाना भी एक समझदारी भरा कदम हो सकता है। इससे आपका फंड और तेजी से बढ़ेगा।



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

- चांदी की कीमत इस समय करीब 3,48,647 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई।
- पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 20,400 बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

लगातार कुलांचे भर रही है चांदी की कीमतें, आगे क्या रहेगा चांदी का रुख, क्या इसमें निवेश करना सही

# चांदी भर रही निवेशकों की झोली, संभलकर करें निवेश

**चांदी के भाव में गिरावट को लंबी अवधि के पोर्टफोलियो के लिए खरीदारी का मौका समझना चाहिए। केंद्रीय बैंकों द्वारा चांदी की खरीद, मौद्रिक नीति में नरमी और चांदी की बढ़ती औद्योगिक मांग जैसे कारणों से सोना और चांदी निवेशकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं। वहीं, टाटा म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के महीनों में रिकॉर्ड उछाल के बाद चांदी में अभी भी काफी उतार-चढ़ाव के साथ मजबूती बनी रह सकती है। इसकी वजह मजबूत मांग का अनुमान और सप्लाई में कमी या स्टॉक की कमी है, जो मौजूदा ट्रेंड को बढ़ावा दे रहे हैं।**

पिछले कुछ समय से चांदी निवेशकों की पहली पसंद बनती जा रही है। जिस रफ्तार से चांदी की कीमतें बढ़ रही हैं, उसने न सिर्फ बाजार को चौंकाया है, बल्कि निवेशकों के मन में यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या यह तेजी टिकाऊ है या फिर जल्द ही इसमें मुनाफावसूली का दौर शुरू होगा। हालिया आंकड़े बताते हैं कि चांदी ने बेहद कम समय में जबरदस्त उछाल दर्ज किया है, लेकिन हर तेजी के साथ जोखिम भी बढ़ता है। ऐसे में चांदी में निवेश से पहले ठहरकर सोचने की जरूरत है। बीते कारोबारी सत्रों पर नजर डालें तो चांदी की कीमतें थोड़े से उतार चढ़ाव के बाद लगातार कुलाचे भरती दिखाई देती हैं। ताजा भाव के मुताबिक चांदी लगभग 3,48,647 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) के स्तर पर पहुंच गई है। यानी महज तीन से चार कारोबारी दिनों में ही चांदी की कीमतों में 35 हजार रुपये से ज्यादा की उछाल देखने को मिला है। यह तेजी सामान्य नहीं कही जा सकती और इसी वजह से बाजार में चांदी को लेकर उत्साह के साथ-साथ सतर्कता भी बढ़ गई है।

### चांदी में क्यों आई है इतनी तेज़ी

चांदी की मौजूदा तेजी के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। दुनिया के कई हिस्सों में मंदी की आशंका, भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर की चाल ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर मोड़ा है। पारंपरिक रूप से सोने के साथ-साथ चांदी भी सुरक्षित निवेश मानी जाती है, लेकिन चांदी की एक खासियत यह है कि इसका औद्योगिक उपयोग भी बड़े पैमाने पर होता है। इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रीन एनर्जी और क्लीन टेक्नोलॉजी पर वैश्विक फोकस ने चांदी की औद्योगिक मांग को और मजबूत किया है। जब निवेश और उद्योग दोनों तरफ से मांग बढ़ती है, तो कीमतों में तेजी आना स्वाभाविक है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सप्लाई की सीमाएं भी चांदी की कीमतों को सहारा दे रही हैं। खनन लागत बढ़ना, नई खदानों की कमी और उत्पादन में सुस्ती ने सप्लाई-साइड दबाव पैदा किया है। इसका असर भारतीय बाजार में भी साफ दिखाई दे रहा है।



### निवेशकों को क्यों हो रहा है बड़ा फायदा

चांदी की तेजी ने खासतौर पर उन निवेशकों को मालामाल किया है जिन्होंने इसमें समय रहते निवेश किया था। बीते एक साल में चांदी आधारित ईटीएफ ने असाधारण रिटर्न दिया है। आंकड़ों के मुताबिक, एक साल में सिल्वर ईटीएफ ने 200% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। खासतौर पर यूटीआई सिल्वर ईटीएफ ने पिछले एक साल में करीब 206% का रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है। ईटीएफ के जरिए निवेश करने वालों को न सिर्फ कीमतों में तेजी का फायदा मिला, बल्कि उन्हें भौतिक चांदी रखने की झंझट से भी मुक्ति मिली। यही वजह है कि हाल के महीनों में सिल्वर ईटीएफ में निवेश तेजी से बढ़ा है। छोटे निवेशकों से लेकर बड़े संस्थागत निवेशक तक, सभी की दिलचस्पी चांदी में बढ़ी है।

### क्या आगे भी जारी रहेगी चांदी की तेजी

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या चांदी की यह रैली आगे भी जारी रहेगी या अब इसमें ब्रेक लगेगा। विशेषज्ञों की मानें तो लंबी अवधि में चांदी के फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं। औद्योगिक मांग, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन और वैश्विक अनिश्चितता जैसे कारक चांदी को सपोर्ट कर सकते हैं। हालांकि, अल्पकाल में इतनी तेज तेजी के बाद करेक्शन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह से पिछले तीन दिनों में ही 35 हजार रुपये से ज्यादा का उछाल आया है, उससे साफ है कि बाजार कुछ हद तक ओवरबॉट जोन में पहुंच सकता है। अगर वैश्विक संकेत बदले, डॉलर मजबूत हुआ या मुनाफावसूली शुरू हुई, तो चांदी की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### निवेश से पहले किन बातों का रखें ध्यान

चांदी में निवेश करते समय सिर्फ रिटर्न देखकर फैसला करना समझदारी नहीं होगी। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि चांदी सोने की तुलना में कहीं ज्यादा अस्थिर (वोलेटाइल) होती है। इसमें तेजी जितनी तेज होती है, गिरावट भी उतनी ही तीखी हो सकती है। अगर आप नए निवेशक हैं, तो एकमुश्त बड़ी रकम लगाने से बचें। चरणबद्ध तरीके से निवेश करना बेहतर रहेगा। लॉन्ग टर्म निवेशक के तौर पर चांदी को पोर्टफोलियो में एक सीमित हिस्से के रूप में ही रखें। विशेषज्ञ आमतौर पर कुल निवेश का 5–10% से ज्यादा हिस्सा चांदी या अन्य कमोडिटी में न लगाने की सलाह देते हैं। इसके अलावा, निवेश का माध्यम भी सोच-समझकर चुनें। भौतिक चांदी, सिल्वर ईटीएफ, फ्यूचर्स या डिजिटल सिल्वर—हर विकल्प के अपने फायदे और जोखिम हैं।

### मुनाफा है, लेकिन सावधानी ज़रूरी

इसमें कोई शक नहीं कि मौजूदा दौर में चांदी ने निवेशकों की झोली भर दी है। कीमतों की तेज रफ्तार और ईटीएफ के शानदार रिटर्न ने इसे चर्चा के केंद्र में ला दिया है। लेकिन बाजार का इतिहास गवाह है कि हर तेज रैली के बाद ठहराव या गिरावट भी आती है। इसलिए, चांदी में निवेश करते समय उत्साह के साथ विवेक भी जरूरी है। लंबी अवधि के नजरिये से, सीमित हिस्सेदारी और सही रणनीति के साथ किया गया निवेश फायदेमंद हो सकता है। लेकिन जल्द अमीर बनने की उम्मीद में बिना जोखिम समझे किया गया निवेश भारी नुकसान भी करा सकता है। चांदी चमक जरूर रही है, लेकिन इस चमक के पीछे छिपे जोखिमों को नजरअंदाज करना निवेशकों के लिए महंगा साबित हो सकता है।

योजना बनाकर संयमित तरीके से करना होगा निवेश, भारत में अभी तक कॉपर ईटीएफ या कॉपर म्यूचुअल फंड उपलब्ध नहीं

# सोना-चांदी के बाद 'कॉपर' भी बन रहा अगला बड़ा निवेश विकल्प

जानकारी | बिजनेस डेस्क

***गोल्ड और सिल्वर की चमक के बीच बेस मेटल कॉपर को निवेशकों ने काफी समय तक नजरअंदाज किया, लेकिन अब इसमें भी तेज उछाल दिख रहा है। लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) के आंकड़ों के अनुसार, कॉपर मार्च 2022 के बाद के अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। भारत में भी कॉपर फ्यूचर्स ने बीते एक साल में लगभग 36% की तेजी दिखाई है, जिससे यह सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली कमोडिटीज में से एक बन गया है।***

पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों ने देखा है कि कैसे सोना और चांदी ने अनिश्चित बाजार हालात में बेहतर रिटर्न देकर खुद को सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में स्थापित किया। अब इसी कड़ी में एक और कमोडिटी निवेशकों के रडार पर तेजी से उभर रही है वह है कॉपर (तांबा)। शेयर बाजार की मौजूदा सुस्ती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का रुझान एक बार फिर कमोडिटी निवेश की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कॉपर अगला बड़ा दांव बन सकता है और क्या रिटेल निवेशक भी इससे मोटी कमाई कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए योजना बनाकर संयमित तरीके से निवेश करना होगा। तभी कॉपर में निवेश कर अच्छा रिटर्न पाया जा सकता है। सोना और चांदी के बाद अब निवेशकों की नजर कॉपर (तांबा) पर टिकने लगी है। पिछले एक साल में गोल्ड और सिल्वर ने रिकॉर्ड रिटर्न दिए हैं।

### इसलिए बढ़ रहा कॉपर की ओर निवेशकों का झुकाव

कॉपर को अक्सर डॉ. कॉपर कहा जाता है, क्योंकि इसकी मांग वैश्विक आर्थिक गतिविधियों का संकेत देती है। जैसे-जैसे इंडस्ट्री, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी सेक्टर में गतिविधियां बढ़ती हैं, कॉपर की खपत भी उसी अनुपात में बढ़ती है। मौजूदा समय में कई ऐसे स्ट्रक्चरल ट्रेंड्स हैं जो कॉपर की कीमतों को लंबी अवधि में मजबूती दे सकते हैं। सबसे बड़ा कारण है ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) सेक्टर का विस्तार। एक इलेक्ट्रिक कार में पारंपरिक पेट्रोल-डीजल कार की तुलना में लगभग तीन से चार गुना ज्यादा कॉपर इस्तेमाल होता है। बैटरी, मोटर, चार्जिंग सिस्टम और वायरिंग हर जगह कॉपर की अहम भूमिका है। दुनिया भर में ईवी को बढ़ावा देने के लिए सरकारें नीतियां बना रही हैं, जिससे आने वाले वर्षों में कॉपर की मांग लगातार बढ़ने की उम्मीद है। दूसरा अहम कारण है डेटा सेंटर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार। क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 5जी जैसी तकनीकों के कारण बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर्स बनाए जा रहे हैं। इन डेटा सेंटर्स में बिजली की खपत और केबलिंग के लिए भारी मात्रा में कॉपर की जरूरत होती है। इसके अलावा डिफेंस और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर भी कॉपर की मांग को मजबूत कर रहे हैं। सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और इलेक्ट्रिक ग्रिड के आधुनिकीकरण में कॉपर एक प्रमुख कच्चा माल है। वैश्विक स्तर पर ग्रीन एनर्जी पर जोर के चलते यह मांग लंबे समय तक बनी रह सकती है।



### सप्लाई की चुनौती: कीमतों को सहारा

कॉपर की तेजी के पीछे सिर्फ मांग ही नहीं, बल्कि सप्लाई से जुड़ी समस्याएं भी बड़ा कारण हैं। दुनिया की कई प्रमुख कॉपर माइंस पुराने चरण में पहुंच चुकी हैं, जहां उत्पादन बढ़ाना आसान नहीं है। नई माइंस विकसित करने में पर्यावरणीय नियम, लंबी मंजूरी प्रक्रिया और भारी लागत बड़ी बाधा बन रहे हैं। इसके अलावा कुछ प्रमुख उत्पादक देशों में राजनीतिक और श्रम संबंधी अनिश्चितताएं भी सप्लाई को प्रभावित करती हैं। सीमित सप्लाई और बढ़ती मांग का यह असंतुलन कॉपर की कीमतों को लंबी अवधि में मजबूती दे सकता है।

### भारत में निवेश के विकल्प क्या हैं

फिलहाल भारत में कॉपर ईटीएफ या कॉपर आधारित म्यूचुअल फंड उपलब्ध नहीं हैं, जो रिटेल निवेशकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। हालांकि, इसके बावजूद निवेश के कुछ रास्ते मौजूद हैं। पहला विकल्प है कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के जरिए कॉपर फ्यूचर्स में निवेश, लेकिन यह विकल्प केवल उन्हीं निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें कमोडिटी बाजार की अच्छी समझ हो, क्योंकि इसमें वोलैटिलिटी और लीवरेज का जोखिम ज्यादा होता है। दूसरा विकल्प है कॉपर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश। भारत और विदेशों में कई ऐसी माइनिंग, मेटल और केबल निर्माण कंपनियां हैं, जिनका बिजनेस सीधे तौर पर कॉपर की कीमतों से जुड़ा है। हालांकि, इसमें कंपनी-विशेष के जोखिम भी जुड़े होते हैं। तीसरा रास्ता है डायवर्सिफाइड कमोडिटी या इंटरनेशनल फंड्स, जो अप्रत्यक्ष रूप से बेस मेटल्स या ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में निवेश करते हैं। हालांकि, इनमें कॉपर का एक्सपोजर सीमित हो सकता है। कॉपर में निवेश को लेकर उत्साह के साथ-साथ संयम भी जरूरी है। यह एक साइकलिकल कमोडिटी है, जिसकी कीमतें वैश्विक आर्थिक हालात से तेजी से प्रभावित होती हैं। इसलिए निवेशकों को चाहिए कि वे इसे पोर्टफोलियो का छोटा हिस्सा बनाएं, न कि पूरा दांव इसी पर लगा दें। चरणबद्ध निवेश, लंबी अवधि का नजरिया और जोखिम प्रबंधन बेहद जरूरी है।



# 5 लाख को 5 साल के लिए ऐसे करें निवेश

बिजनेस डेस्क

अक्सर हम अपनी मेहनत की कमाई का कुछ हिस्सा बचाकर रख लेते हैं। मान लीजिए, आपके पास इस वक्त 5 लाख रुपये पड़े हैं और आपने मन बना लिया है कि अगले 5 साल तक आप इन पैसों को हाथ नहीं लगाएंगे। अब आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती यह आती है कि इस पैसे को ऐसी कौन सी जगह निवेश करें, जहां से यह 5 साल बाद एक भारी-भरकम रकम बनकर वापस आए।

### निवेश के ये आसान तरीके

बाजार में निवेश के बहुत से रास्ते हैं, लेकिन जब बात सुरक्षा और अच्छे मुनाफे के तालमेल की आती है, तो तीन नाम सबसे पहले जेहन में आते हैं। पहला है सरकारी सुरक्षा वाला एनएससी, दूसरा है बरसों पुराना भरोसा यानी एफडी और तीसरा है आज के दौर का सुपरहिट विकल्प यानी म्यूचुअल फंड लंपसम। समझते हैं कि आपके एक लाख रुपए इन तीनों रास्तों पर चलकर 5 साल में कहां तक पहुंचेंगे। अगर आप ऐसे शख्स हैं जिन्हें रात को सुकून की नींद चाहिए और आप अपने पैसे के साथ रत्ती भर भी रिस्क नहीं लेना चाहते, तो नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट यानी एनएससी आपके लिए सबसे मजबूत किला है।

### कंपाउंड ब्याज देगा बड़ा मुनाफा

आज के समय में एनएससी पर करीब 7.7 प्रतिशत का सालाना कंपाउंड ब्याज मिल रहा है। इसका गणित बहुत सीधा है। अगर आप आज 5 लाख रुपये एनएससी में जमा करते हैं, तो 5 साल का समय पूरा होने पर आपके हाथ में लगभग 7.24 लाख रुपये होंगे, लेकिन इसकी असली खूबी सिर्फ ब्याज नहीं है। एनएससी में निवेश करने पर आपको इनकम टैक्स की धारा 80सी के तहत छूट भी मिलती

### फिक्स्ड डिपॉजिट

देश में आज भी निवेश का मतलब एफडी ही समझा जाता है। अगर आप पोस्ट ऑफिस में 5 साल के लिए एफडी करवाते हैं, तो फिलहाल वहां करीब 7.5 प्रतिशत का ब्याज ऑफर किया जा रहा है। वहीं, बैंकों की बात करें, तो यह आंकड़ा थोड़ा कम यानी 6 से 6.5 प्रतिशत के बीच रहता है। चलिए, पोस्ट ऑफिस वाली ऊंची दर को पकड़कर हिसाब लगाते हैं। अगर आप 5 लाख रुपये यहां 5 साल के लिए लॉक कर देते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको करीब 7.26 लाख रुपये मिल सकते हैं। एफडी से मिलने वाला ब्याज टैक्सेबल होता है, यानी आपकी कमाई पर टैक्स की कैंची चल सकती है. साथ ही, महंगाई को देखते हुए इसका असली मुनाफा थोड़ा कम महसूस हो सकता है. फिर भी, इसकी सरलता और लिक्विडिटी इसे आज भी लोकप्रिय बनाए हुए है.

### म्यूचुअल फंड लंपसम

अब बात करते हैं उस विकल्प की, जिसने पिछले कुछ सालों में निवेशकों को सबसे ज्यादा आकर्षित किया है। यह है म्यूचुअल फंड में लंपसम निवेश। लंपसम का मतलब है कि आपने अपनी पूरी रकम एक ही बार में किसी फंड में डाल दी। अगर आप थोड़ा सा जोखिम उठाने का जिगरा रखते हैं, तो इक्विटी म्यूचुअल फंड आपको मालामाल कर सकता है।

यह निवेश करने का आसान और सबसे लोकप्रिय तरीका, छोटी-छोटी गलतियां करवा सकती हैं करोड़ों रुपये का नुकसान

# संयम और प्लानिंग के साथ शुरू करें एसआईपी

एसआईपी शुरू या बंद करने से पहले जान लें कुछ अहम बातें, वरना हो सकता है नुकसान!

सलाह | बिजनेस डेस्क

आज के समय में एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) निवेश का सबसे आसान और लोकप्रिय तरीका बन चुका है। नौकरीपेशा लोग हों या छोटे व्यापारी, हर कोई महीने की थोड़ी-सी बचत से बड़ा फंड बनाने का सपना देखता है। लेकिन यह समझना बेहद जरूरी है कि एसआईपी जितना आसान दिखता है, उतना ही जोखिम भरा भी हो सकता है, अगर इसे सही समझ और योजना के बिना शुरू या बंद किया जाए। छोटी-छोटी गलतियां लंबे समय में लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये तक का नुकसान करवा सकती हैं। एसआईपी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें एकमुश्त बड़ी रकम लगाने की जरूरत नहीं होती। हर महीने तय राशि अपने आप म्यूचुअल फंड में निवेश हो जाती है। बाजार गिरता है तो उसी रकम में ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं और बाजार चढ़ता है तो निवेश की वैल्यू बढ़ती है। इसी वजह से इसे आम निवेशकों के लिए आदर्श माना जाता है। लेकिन कई लोग इसे जोखिम-मुक्त मान लेते हैं, जो सबसे बड़ी भूल है।

## एसआईपी जोखिम-मुक्त नहीं, लंबे समय तक टिके रहने में ही फायदा मिलता

### तार-चढ़ाव तय

एसआईपी पूरी तरह बाजार से जुड़ा होता है, इसलिए इसमें उतार-चढ़ाव तय है। दिसंबर 2025 में ही निवेशकों ने रिकॉर्ड 31,002 करोड़ रुपये एसआईपी में डाले। लेकिन अक्सर लोग बिना पूरी जानकारी के एसआईपी शुरू कर देते हैं या बीच में रोक देते हैं। आइए जानते हैं वो अहम बातें जो हर निवेशक को समझनी चाहिए

### लंबे समय तक टिके रहने में लाभ

सबसे अहम बात यह है कि एसआईपी का असली फायदा लंबे समय तक टिके रहने में ही मिलता है। बहुत से निवेशक बाजार गिरते ही घबरा जाते हैं और एसआईपी बंद कर देते हैं। यही वह समय होता है जब निवेश जारी रखना चाहिए, क्योंकि गिरावट के दौरान खरीदी गई यूनिट्स भविष्य में बाजार सुधरने पर बड़ा रिटर्न देती हैं। बीच में एसआईपी रोक देना या पूरी तरह बंद कर देना कंपाउंडिंग के असर को तोड़ देता है, जिससे संभावित रिटर्न काफी कम हो जाता है।

### बिना लक्ष्य निवेश शुरू न करें

एक और आम गलती है बिना लक्ष्य तय किए निवेश शुरू करना। यह जानना जरूरी है कि आप किस उद्देश्य के लिए पैसा लगा रहे हैं—बच्चों की पढ़ाई, घर खरीदना, शादी या रिटायरमेंट। लक्ष्य के अनुसार फंड का चुनाव और निवेश की अवधि तय की जानी चाहिए। इसके अलावा, अपनी आय और खर्चों का सही आकलन किए बिना बड़ी रकम की एसआईपी शुरू करना भी जोखिम भरा हो सकता है। अगर मासिक बजट बिगड़ता है तो मजबूरी में एसआईपी बंद करनी पड़ सकती है। इमरजेंसी फंड की कमी भी निवेशकों को नुकसान की ओर ले जाती है। अचानक मेडिकल या अन्य जरूरी खर्च आने पर लोग एसआईपी तोड़ देते हैं, जिससे न सिर्फ रिटर्न कम होता है बल्कि टैक्स का बोझ भी बढ़ सकता है। इसलिए एसआईपी शुरू करने से पहले कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड बनाना बेहद जरूरी है।

### निवेश का बेहतरीन जरिया

एसआईपी निवेश का बेहतरीन जरिया है, लेकिन इसे जोखिम-मुक्त समझना भारी पड़ सकता है। सही जानकारी, स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और धैर्य के साथ किया गया निवेश ही लंबे समय में बड़ा फंड बना सकता है। याद रखें, एसआईपी शुरू या बंद करने से पहले लिया गया हर फैसला आपके भविष्य की आर्थिक स्थिति तय करता है।

### एसआईपी जोखिम-मुक्त नहीं है

बहुतों को लगता है कि एसआईपी से जोखिम कम हो जाता है। हकीकत ये है कि एसआईपी सिर्फ निवेश का तरीका है, यह फंड की प्रकृति नहीं बदलता। अगर फंड इक्विटी या डेट मार्केट में है, तो उतार-चढ़ाव का असर एसआईपी पर भी पड़ेगा। सही फंड चुनना और अपने लक्ष्य व जोखिम क्षमता को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है। कम राशि से शुरुआत और लचीलापन एसआईपी की सबसे बड़ी खूबी है कि आप सिर्फ 500 रुपये से भी शुरुआत कर सकते हैं। अगर कभी आर्थिक दबाव हो तो किस्त रोक सकते हैं या स्किप कर सकते हैं। यही वजह है कि ये नए निवेशकों और अस्थिर आय वालों के लिए भी उपयुक्त है।

## किस्तें मिस करना महंगा

किस्तें मिस करना महंगा पड़ सकता है
अगर आप हर साल सिर्फ एक एसआईपी छोड़ दें, तो 20 साल में करोड़ों का नुकसान हो सकता है। उदाहरण: 20,000 मासिक एसआईपी 20 साल में 2 करोड़ बन सकती है, लेकिन हर साल एक किस्त छोड़ने से लगभग 40 लाख कम हो जाएंगे।

### मार्केट टाइमिंग की जरूरत नहीं

बाजार कब ऊपर जाएगा या नीचे आएगा, ये कोई नहीं बता सकता। एसआईपी का फायदा यही है कि यह अलग-अलग स्तरों पर निवेश फैलाकर जोखिम कम करता है। जो निवेशक मंदी में भी एसआईपी जारी रखते हैं, उन्हें लंबे समय में बेहतर रिटर्न मिलता है।

### एसआईपी बढ़ाना देता है दोगुना फायदा

अगर आप हर साल एसआईपी राशि 10% बढ़ाते हैं, तो नतीजे चौंकाने वाले होते हैं। उदाहरण: 5,000 रुपये मासिक एसआईपी 20 साल में 50 लाख बन सकती है, लेकिन हर साल 10% बढ़ाने पर वही एसआईपी लगभग 1 करोड़ एसआईपी तक पहुंच सकती है। एसआईपी कोई जादू नहीं, बल्कि अनुशासन और धैर्य का खेल है। जल्दी शुरू करें, लंबे समय तक टिके रहें, किस्तें मिस न करें और धीरे-धीरे राशि बढ़ाते रहें। तभी एसआईपी आपके लिए असली वेल्थ क्रिएटर साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण

**भिवानी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा कोंट रोड, मिनी बाईपास, काली माता मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका सशक्तिकरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाना रहा।

### एडीआर सेंटर में कार्यशाला आयोजित

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया के निर्देशानुसार तथा सीजेएम-सह-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में "डिजिटल दुनिया का प्रबंधन – साझा करने से पहले सोचें" विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया।

### आरपीएस स्कूल में सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**चरखी दादरी।** आरपीएस स्कूल में योग को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के अंतर्गत जानी-मानी योग प्रशिक्षक नविता शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, वहीं सभी शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और भी प्रेरणादायक बना दिया।

### कलस्टर स्तरीय टीजीटी की बैठक का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा कलस्टर के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कलस्टर स्तरीय टीजीटी शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कलस्टर एबीआरसी राज कुमारी के आह्वान पर कलस्टर के पांच विद्यालयों से लगभग एक दर्जन के करीबन शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### इनेलो की दो हलकों की बैठक 27 को : ढ़ाणीमाहु

**भिवानी।** इंडियन नेशनल लोकदल संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देने के उद्देश्य से इनेलो की दो हल्कों तोशाम व लोहारू की बैठक 27 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए इनेलो के जिला प्रधान अशोक ढ़ाणीमाहु ने बताया कि दोनों बैठक को पूर्व विधायक ओमप्रकाश गौरा संबोधित करेंगे।

### राकेश व जोगेंद्र का प्रतियोगिता में चयन

**भिवानी।** राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता में प्रथम आने पर राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के रसायन शास्त्र प्रवक्ता राकेश रोहिल्ला व जोगेंद्र सिंह कला अध्यापक का राष्ट्रीय समृद्धि प्रतियोगिता में चयन हुआ।

### हनुमानजी का वार्षिक महोत्सव कल

**भिवानी।** कोंट रोड स्थित हनुमान मंदिर में 25 जनवरी रविवार को 20वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और भक्तों में उत्साह है। दीपक गुप्ता व प्रवीण गुप्ता ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत सुबह 9 बजे से होगी।

## विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत और संस्कृति पर आधारित दीं प्रस्तुतियां

# गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल में राष्ट्रभक्ति झलकी

*प्रवर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार और एसडीएम महेश कुमार ने किया परेड की टुकड़ियों का निरीक्षण*

- सामूहिक पीटी शो का प्रदर्शन डीपीई वीरेंद्र ने करवाया
- राष्ट्रप्रेम के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भीम स्टेडियम में शनिवार को गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित हुई, जिसमें प्रवर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। प्रवर पुलिस अधीक्षक और एसडीएम ने परेड का निरीक्षण किया। भीम स्टेडियम में पहुंचने से पहले प्रवर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार और एसडीएम महेश कुमार ने नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया। फुल ड्रेस रिहर्सल में परेड की टुकड़ियों ने परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट किया और मंच के सामने राष्ट्रीय ध्वज को सलाम किया। परेड की टुकडियों में पीएसआई अजय कुमार के नेतृत्व में पुरुष पुलिस, एएसआई उर्मिला के नेतृत्व में महिला पुलिस, एचसी ज्ञानेंद्र दहिया के नेतृत्व में होमगार्ड, सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल के नेतृत्व में एनसीसी सीनियर डिवीजन लडक़े, सीनियर अंडर ऑफिसर पूजा के नेतृत्व में एनसीसी लड़कियां, सागर सज्जन सिंह के नेतृत्व में दा हरियाणा स्टेट भारत स्काऊट एंड गाईड सीनियर डिवीजन ग्रुप लडक़े, रोवर नितेश कुमार के नेतृत्व में दा हरियाणा स्टेट भारत स्काऊट एंड गाईड जूनियर विंग ने शानदार मार्च पास्ट किया। इनके साथ वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल से वैभवी के नेतृत्व में बैंड की टुकड़ी ने मीठी-मीठी धुन के मार्च पास्ट किया, पूरे कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बनी।





भिवानी। भीम स्टेडियम में मार्च पास्ट करती पुलिस की टुकड़ी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देती प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### फुल ड्रेस रिहर्सल का समापन

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए राष्ट्रगान के साथ फुल ड्रेस रिहर्सल का समापन हुआ। मंच का संचालन डॉ मनोज कुमार ने किया और सामूहिक पीटी शो का प्रदर्शन डीपीई वीरेंद्र ने करवाया। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में और बेहतरी के लिए संबंधित स्कूलों के इंचार्ज को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया और खंड शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल गौड़ के अलावा कार्यक्रमों में शामिल प्रतिभागी बच्चे व संबंधित स्कूलों के इंचार्ज मौजूद रहे।

### कार्यक्रमों में दिखा देश प्रेम और साहस

फुल ड्रेस रिहर्सल में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति और देश की विभिन्नता में एकता की अनोखी झलक प्रस्तुत की। इनमें डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल द्वारा योगासन कार्यक्रम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर हलवासिया विद्या विहार की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण का गजब उदाहरण प्रस्तुत किया। वैश्य मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने महाराष्ट्र का छावा नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें महाराज छत्रपति शिवाजी की वीरता दिखाई गई। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की रागनी से हमारी जांबाज सेना को सलाम किया। भिवानी पब्लिक स्कूल ने भंगड़ा और बाल भवन स्कूल ने पंजाबी गिद्दा की प्रस्तुती दी। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने हरियाणा की शान पगड़ी पर जोरदार प्रस्तुति दी। इसके अलावा विभिन्न स्कूली के बच्चों ने शानदार सामूहिक पीटी प्रदर्शन किया।



भिवानी। स्टेडियम में तैनात पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## गणतंत्र दिवस पर पुलिस के कड़े और पुख्ता सुरक्षा प्रबंध

- अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने की 26 जगहों पर नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए 26 जगहों पर नाकाबंदी की गई है। 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भीम स्टेडियम, भिवानी में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे।

समारोह में जिला भिवानी के अनेक गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। गणतंत्र दिवस परेड की कमान डीएसपी अनूप कुमार द्वारा संभाली जाएगी। गणतंत्र दिवस परेड में जिला पुलिस की प्लाटून, हरियाणा गृह रक्षी की प्लाटून, एन.सी.सी. की प्लाटून तथा स्काउट की प्लाटून भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह के दौरान प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### रहेगी पैनी नजर

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि समारोह को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष एवं पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। समारोह से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, ढाबे, धर्मशालाएं, गेस्ट हाउस तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों की गहनता से जांच की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। गणतंत्र दिवस के दिन भीम स्टेडियम भिवानी एवं उसके आसपास चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। बिना सुरक्षा जांच के किसी भी व्यक्ति को कार्यक्रम स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल को रिजर्व में तैनात रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## प्रभातभेरी में उमड़ा भक्तों का रैला

- प्रभात फेरी निकालकर संत गुरू रविदास जन्मोत्सव का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बावड़ी गेट स्थित संत रविदास मंदिर में 1 फरवरी को मनाए जाने वाले संत शिरोमणी रविदास महाराज के 649वें जन्मोत्सव को लेकर महिला मंडली ने प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद सत्संग किया तथा उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया। यह जानकारी देते हुए ठेकेदार ओमप्रकाश संभ्रवाल ने बताया कि प्रधान जोगिंद्र चौहान, कुसुम, संतोष , कमलेश, बाला, मंजू, कलीराम, संजय, सुभाष, आशीष, भोना, रणवीर फौजी, सना,शुभम, अमित आदि ने प्रभात फेरी में भाग लिया तथा राहगिरों को संत रविदास जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया।



भिवानी। संत गुरू रविदास जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु।

### ये रहे प्रमुख रूप से मौजूद

ओमप्रकाश संभ्रवाल ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास महाराज के जन्मोत्सव को लेकर महिलाओं में विशेष जोश है तथा वे तैयारियों में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर कलीराम, संजय, ओमप्रकाश, उर्मिला, संतोष, बिमला, रोशनी, कमलेश, चंद्रा, कलावती, संतोष बेरला, शांति, गुड्डी, कमला, सुनीता, मूर्ति, संजय, भोना, आशीष, शकुंतला, मंजू, पुनीत आदि उपस्थित रहे।

## पालुवास के 15 छात्र बुनियाद परीक्षा में सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव पालुवास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के आठवीं कक्षा के 15 बच्चों ने बुनियाद परीक्षा के प्रथम लेवल में परचम लहराया। विद्यालय प्राचार्य अर्चना गौड़ ने विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। शिक्षक संदीप वधवा ने बताया कि हमारे विद्यालय की गुंजन पुत्री मोनू ने पूरे हरियाणा जिले में दसवां, भिवानी जिले में तीसरा और भिवानी ब्लॉक में दूसरा स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि गांव का भी नाम रोशन किया। दूसरी गुंजन पुत्री अनिल ने हरियाणा जिले में 22वां स्थान, भिवानी जिले में छठा और ब्लॉक में चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जतिन ने जिले में नौंवा और ब्लॉक में छठा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा दीपिका, प्रिया ,सुहानी, पुष्पा कुशवाहा, अंशिका, ज्योति रितिका, अंशु, छात्र अंशु ,वंश, अरुण व अंश ने अपने जिले और ब्लॉक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बुनियाद लेवल वन की परीक्षा उत्तीर्ण की और अगले चरण में भाग लेने के लिए अभी से तैयारी में लग गए। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ सतीश, सुरेंद्र तंवर, संदीप वधवा, संजय मुदगिल, कृष्ण यादव, मंजीत कुमार, रमेश कुमार, प्रेमलता, अरूणा, संजीता, नीलम व शकुंतला आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। शिक्षकों के साथ बुनियाद लेवन वन परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी।

### दी शुभकामनाएं

संदीप वधवा ने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कि वह केवल गणित में ही नहीं बल्कि विज्ञान, अंग्रेजी आदि में भी अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्य सतीश कुमार ने उन सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और कहा कि वह इसी प्रकार मेहनत करते रहे जिससे न केवल उनका बल्कि विद्यालय व उनके परिवार का नाम भी रोशन होगा।



बवानीखेड़ा। सामाजिक संस्था द्वारा सफाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

दादू नगरी प्रतिज्ञा सेवा समिति द्वारा शहीद गुलाब सिंह पार्क में चलाया गया यह सफाई अभियान चलाया। संस्था संस्थापक संजय मिलखा ने बताया कि नियमित सफाई से कचरा और जल-जमाव नहीं होता, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर, जागरूकता अभियान, पशुओं व अनाथ बच्चों, गरीबों के लिए मुहिम चलाकर उनका सहयोग किया जाता है। शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया जिसमें अनेक लोगों ने सहयोग किया।

*सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बिखेरी पीले रंग की छटा*

## बसंत पंचमी उत्सव में महिलाओं ने किया प्रस्तुतियों से सराबोर

- जेसीआई भिवानी ने निजी रेस्तरां में बसंत पंचमी पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जेसीआई भिवानी ने निजी रेस्तरां में बसंत पंचमी पर्व मनाया। सेलिब्रेट बसंत पंचमी और काइट फ्लाइंग थीम पर आधारित कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढक़र भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम रहे। उपस्थित महिलाओं ने ना केवल गीतों और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि बसंत पंचमी के महत्व पर भी प्रकाश डाला।



भिवानी। बसंत पंचमी पर्व पर कार्यक्रम में भाग लेती जेसीआई की सदस्य।

### नए संचार का प्रतीक है बसंत का पर्व

जेसी अंजली गर्ग ने बताया कि ये पर्व नई ॠतु के आगमन, ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्य पीले वस्त्रों में नजर आए, जो बसंत के आगमन और समृद्धि का संदेश दे रहे थे। आयोजन का नेतृत्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी अंजली गर्ग, जेसी मोनिका गुप्ता व जेसी शिवानी लच्छीरामका ने किया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें मुख्य रूप से संरक्षक जेसी रमेश बंसल, अध्यक्ष जेसी अमित गुप्ता, सचिव जेसी दीपांशु गोयल, कोषाध्यक्ष जेसी विवेक गर्ग आदि मौजूद रहीं।



## सक्रिय रक्तदाता प्रदीप की स्मृति में लगाए शिविर में 30 ने किया रक्तदान

**भिवानी।** गांव पालुवास निवासी रक्तदाता प्रदीप की स्मृति में चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल ब्लड बैंक में सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं वंशिका फाउंडेशन के सहयोग से 12वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें नियमित रक्तदाता राजेश डुडेजा ने 141वीं बार व मास्टर पवन मिताथल ने 27वीं बार रक्तदान किया। रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में युवाओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यतिथि सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक जगदीश मिताथल ने बताया कि हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इससे बड़ी मानव सेवा कोई नहीं है। वहीं शिविर में रक्तदाता प्रदीप के बड़े भाई मुकेश ने बताया कि भाई की याद में छठे रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि प्रदीप एक जागरूक रक्तदाता था तथा अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करता था। गांव पालुवास निवासी प्रदीप एक टैक्सी चालक था। 20 जनवरी 2021 को कुछ लोग उसकी गाड़ी को किराए पर ले गए थे, जहां उन्होंने लूटपाट के उद्देश्य से उसकी हत्या कर दी थी। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि प्रदीप अच्छा रक्तदाता था, इसलिए उसकी याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया,जो हर साल लगाया जयेगा। इस अवसर पर डॉ. हर्ष, डॉ. रोहित कुमार,उड़ान वेलफेयर सोसायटी से मास्टर पवन मिताथल आदिरहे।

## जूडो में 20 विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

- जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 23 से 26 जनवरी तक होने वाली जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 15 से 21 आयुवर्ग के खिलाड़ी हरियाणा जूडो एसोसिएशन के उपप्रधान कोच अजीत बामला के नेतृत्व में रवाना हुए। बामला ने बताया कि नैशनल जूड़ो चैंपियनशिप में लिए विभिन्न भार वर्ग में 10 लड़के व 10 लड़कियां जिले का प्रतिनिधित्व कर पदक जीतकर अपने माता-पिता, कोच, जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



भिवानी। ऑफिशियल टीम के साथ खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### कोच की देखरेख में होगा प्रदर्शन

सभी खिलाड़ी टीम मैनेजर कोच मीना, कोच नीलम सोलंकी व ज्योति पंवार की देखरेख में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि हेतल 44 किलोग्राम, रेनू 48 किलोग्राम, दीक्षा 52 किलोग्राम, खुशी 57 किलोग्राम, शांल 63 किलोग्राम, मनप्रीत 70 किलोग्राम, राधिका 78 किलोग्राम, प्रगती 78 से अधिक भार वर्ग, वंशिका पंवार व रीतु अतिरिक्त में भाग लेंगी। लड़कों में अमन 55 किलोग्राम, यश अहलावत 60 किलोग्राम, प्रींस 66 किलोग्राम, अंकित 73 किलोग्राम, इंद्राक्ष सिंह 81 किलोग्राम, जतीन 90 किलोग्राम, कीर्ति 100 किलोग्राम, दिव्या राहुल 100 से अधिक किलोग्राम भारवर्ग तथा क्रिस शर्मा व भव्या अतिरिक्त में भाग लेंगे।

## कला के जरिए जीवंत हुई लोक गाथाएं, हरियाणवी संस्कृति का दिखा अनोखा संगम

# बापोड़ा सांग महोत्सव में नौरत्न के मंचन से कलाकारों ने मोहा मन

*हरियाणा की सामाजिक और नैतिक शिक्षा का स्कूल है सांग महोत्सव: मुकेश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से बापोड़ा गांव में आयोजित सात दिवसीय पंडित लख्मीचंद जयंती समारोह अपने पूरे शबाब पर है। महोत्सव के 5वें दिन लोक संस्कृति की खुशबू और रागनी की गूंज ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रसिद्ध सांगी वेदप्रकाश अत्री और उनके दल ने पौराणिक कथा नोरत्न का ऐसा सजीव मंचन किया कि पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सांगी वेदप्रकाश अत्री ने मंच के माध्यम से संभल मुरादाबाद के राजा देवदत्त के जीवन की उथल-पुथल को दर्शाया। सांग के माध्यम से कलाकारों ने बताया कि राजा देवदत्त की तीन रानियां होने के बावजूद कोई संतान नहीं थी और राज्य अकाल व बाढ़ की चपेट में था। ब्राह्मणों की सलाह पर राजा ने पुत्र प्राप्ति और प्रजा की खुशहाली के लिए विशेष यज्ञ किया, जिसके फलस्वरूप बड़ी रानी गर्भवती हुईं।



भिवानी। नौरत्न सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### वेदप्रकाश अत्री ने रागनी से बांधा समां

वेदप्रकाश अत्री ने रागनी और संवादों के माध्यम से इन रोमांचकारी घटनाओं को ऐसे पिरोया कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर अंत तक डटे रहे। आयोजन समिति के सदस्य विनोद प्रधान व मुकेश बापोड़ा ने कहा कि सांग केवल नाटक नहीं है, बल्कि हरियाणा की सामाजिक और नैतिक शिक्षा का स्कूल है। उन्होंने कहा कि सांग महोत्सव का उद्देश्य पंडित लख्मी चंद जैसे सूर्य कवियों की विरासत को लुप्त होने से बचाना। नोरत्न जैसे सांग के माध्यम से ईर्ष्या के दुष्परिणाम और सत्य की जीत का संदेश समाज को दिया जाता है। इस अवसर पर जय भगवान शर्मा कुशुंभी, ओम प्रकाश, रामफल कोच, सियाराम प्रधान व नरेश मंढाना आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### डेरा बाबा रामरूप में विधायक ने सिर नवाजा

**बवानीखेड़ा।** बसंत पंचमी पर डेरा बाबा रामरूप में शीश नवाते हुए विधायक, नपा प्रधान व अन्य।

हरिभूमि न्यूज,बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के डेरा बाबा रामरूप में बसंत पंचमी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। डेरा में विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्किट कमेटी प्रधान राजू हंस, मास्टर राजेश कुमार, राकेश कुमार, सरदार लखू सिंह, पूर्व नपा उपप्रधान महाबीर प्रसाद, विनीत तवंर मौजूद रहे।

### अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आज

**तोशाम ।** रविवार को तोशाम परिवार मित्रगण संगठन द्वारा तोशाम के पंचायत भवन में अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान तोशाम के एसडीएम प्रदीप अहलावत तथा डीएसपी दिलीप कुमार व सेवानिवृत्त राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए तोशाम परिवार मित्रगण संगठन के सदस्य रमेश कौशिक ने बताया कि तोशाम के 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वाले अति वरिष्ठ नागरिक अर्थात बुजुर्गों के सम्मान में 25 जनवरी रविवार को सुबह सवा 11 बजे संगठन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### माइनिंग फंड से 42 गांवों को स्वच्छता के लिए ट्रैक्टर-ट्राली और टैंकर किए भेंट

# ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाना सरपंचों का दायित्व : धर्मबीर सिंह

**पंचायत भवन परिसर में आयोजित किया गया ट्रैक्टर ट्राली और टैंकर वितरण कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

पंचायत भवन में मीनिंग फंड से जिला के विभिन्न गांवों को ट्रैक्टर-ट्राली और पानी के टैंकर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास और सिंचाई तथा जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी- महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने की। कार्यक्रम में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी और सांसद धर्मबीर सिंह ने अपना संदेश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि वे गांव को स्वच्छ और निर्मल बनाएं। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गांवों के विकास कार्य के लिए हर संभव सहायता राशि दी जा रही है। गांव का समग्र विकास ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों पर निर्भर होता है। कार्यक्रम में जिला के विभिन्न 42 गांवों को करीब दो करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से ट्रैक्टर- ट्राली और टैंकर वितरित किए गए। श्रुति चौधरी ने स्वयं ट्रैक्टर चला कर मेहनतकश होने का संदेश दिया। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों के विकास में सरकार के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के नाम पर खानापूर्ति होती थी, लेकिन अब वीबीजी राम जी योजना से जरूरतमंद मजदूरों को और अधिक रोजगार मिलेगा, जिससे उनके परिवार में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लोगों को गुमराह किया जा रहा है। चुनाव के समय कभी वोट चोरी के नाम पर तो कभी संविधान बदलने के नाम लोगों को बरगलाने का प्रयास किया गया, लेकिन जनता वास्तविक सच्चाई जानती है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का विकास केवल भाजपा का ही कर सकते और आने वाले समय में हरियाणा प्रदेश और भारत देश और अधिक उन्नति करेगा।

**सरकार की योजनाएं गांवों को बनाती है विकसित**

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गांव के विकास के लिए एक सही ढंग की योजना बनाकर काम करना जरूरी है, जिससे जल-भराव और गंदगी जैसी समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं ऐसी हैं जो गांव को विकसित बनाती हैं, ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों को चाहिए कि वे उन योजनाओं को धरातल पर अमली जामा पहनाए और गांव के विकास में अपना पूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही योजनाओं की समीक्षा कर उनमें सुधार करना केंद्र और प्रदेश सरकारों का मुख्य कार्य होता है और इसी के चलते केंद्र सरकार ने मनरेगा में संशोधन कर उसे वीबीजी राम जी योजना का नाम दिया है, इससे जरूरतमंद लोगों का बहुत अधिक लाभ होगा।



**तोशाम।** परेड का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## तोशाम में फाइनल रिहर्सल में तहसीलदार ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल में शनिवार को नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने तिरंगा फहराया और परेड़ का निरीक्षण किया। चौ. सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल के दौरान उन्होंने निकाली गई परेड़ की सलामी भी ली व इसके पश्चात अपने संबोधन में नायब तहसीलदार ने उपमंडलवासियों को अपना शुभ संदेश दिया।

फाइनल रिहर्सल के दौरान नायब तहसीलदार अशोक कुमार व एसएचओ महाबीर सिंह ने सबसे पहले शहीद स्मारक पर पहुंचकर देश के वीर शहीदों को नमन किया। इसके पश्चात नायब तहसीलदार ने निर्धारित समय पर तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले पीटी, परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने कार्यक्रमों के संबंध में अधिकारियों व स्कूल प्रतिनिधियों को जरूरी दिशा-निर्देश देकर इनकी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करवाने के निर्देश दिए। फाइनल रिहर्सल में हरियाणा पुलिस के अलावा कॉलेज व विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी के विद्यार्थियों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात स्कूली विद्यार्थियों ने फुल ड्रेस पीटी का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों की टीमों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान, सरपंच राजेश कुमार, बिजली निगम के एसडीओ चेतन, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह, अनिल सांगवान, जिले सिंह, कृष्ण सांगवान, विजय तंवर सहित विभिन्न स्कूल व टीम इंचार्ज उपस्थित रहे।

## युवाओं को नशे से बचाने को निकाली जनजागृति वेद प्रचार यात्रा, विद्यार्थियों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा



**बाढ़डा।** स्कूली बच्चों को संबोधित करते स्वामी सच्चिदानंद।

आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में प्रदेशभर में चलाई जा रही जनजागृति वेद प्रचार एवं नशामुक्ति यज्ञ यात्रा अपने अभियान के ११वें दिन आज आर्यनगर, गोविंदपुरा, भांडवा एवं धारणी गांव में पहुंची। यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज को कुरीतियों से मुक्त कर वैदिक संस्कृति की ओर अग्रसर करना और युवाओं को नशे की गर्त से बचाना है। विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ यात्रा के दौरान द्रोणाचार्य वमा विद्यालय और राजकीय उच्च विद्यालय भांडवा में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसकी पवित्र अग्नि को साक्षी मानकर सैंकड़ों विद्यार्थियों ने जीवन भर नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने अपने ओजस्वी विचारों से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और एक व्यसनमुक्त समाज ही राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर ले जा सकता है। भजनोपदेशक रामनिवास आर्य ने अपने भजनों से नशे के दुष्प्रभावों को रेखांकित किया और युवाओं को नैतिक मूल्यों से जुड़ने का संदेश दिया।

### मतदाता दिवस पर किया युवाओं को जागरूक

**बहल ।** जीडीसी महाविद्यालय (बहल)के राजनीतिक विज्ञान विभाग व एनएसएस/एनसीसी इकाई की ओर से भारत निर्वाचन आयोग के व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के तहत युवा शिक्षार्थी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए बीआरसीएम संस्था के निदेशक एवं जीडीसी महाविद्यालय के प्राचार्य के दिशा निर्देश में शपथ समारोह कार्यक्रम का सफलतम आयोजन किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 24 जनवरी 2026 को जीडीसी महाविद्यालय के सभागार में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को हिंदी भाषा में शपथ दिलाई।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों ने बनाई कलाकृतियाँ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतिभागी।

लिटिल हार्टस ग्रुप के सभी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि यह आयोजन देश भक्ति व देश प्रेम की भावना का जीवंत प्रदर्शन है, जिसमें विद्यार्थी और शिक्षकगण बड़े ही उत्साह के साथ भाग ले रहे है। उन्होने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पेंटिंग प्रतियोगिता, ब्रैसलेट मेकिंग, कविता पाठ, पतंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया व अपनी अदभुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक कलाकृतियाँ बनाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सतीश गोयल व रवि कुमार गोयल, निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानंद सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा हमारे देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की गई।



स्कूल में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अपनी प्रस्तुती देते प्रतिभागी।

### डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल ने विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया देश का '77' वां गणतंत्र दिवस

**भिवानी ।** डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी ने गणतंत्र दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के गायन से हुआ तदुपरांत राष्ट्र ध्वज फहराया गया और राष्ट्र गान गाया गया । छात्र-छात्राओं ने पी.टी.का प्रदर्शन किया। कक्षा चौथी की छात्रा पिहू ने ' रिपब्लिक डे ब्रिंग्स प्राइड ऐन्ड चीर' अंग्रेजी कविता की प्रस्तुति दी। चौथी कक्षा के ही एक और छात्र जयंत ने ' छब्बीस जनवरी का पावन दिन भारत को पहचान मिली' कविता का पाठ किया। कक्षा पाँचवीं के छात्र हीरांश ने अपने हिंदी भाषण में महान देश के लिए महान नागरिक बनने का संदेश दिया। कक्षा चौथी के छात्रों द्वारा समूह गान 'मेरा देश मेरा मुल्क' की श्रुतमधुर प्रस्तुति दी गई। कक्षा चौथी के छात्र मोक्ष ने 'गीत गाकर हर्षविमुग्ध कर दिया। कक्षा चौथी के छात्र दुर्जय ने पृथ्वीराज चौहान की जीवनी पर गीत प्रस्तुत कर वातावरण को वीर रस से सराबोर कर दिया। प्राचार्या कुसुम शर्मा ने विद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संविधान हमें अधिकार तो देता है लेकिन एक विद्यार्थी के रूप में आपका कर्तव्य भी है- अनुशासन में रहना, ज्ञान अर्जित करना और एक अच्छा इंसान बनना। इस अवसर पर स्टाफ़ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## भाषण और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** स्मृति चिन्ह भेंट करते अतिथि व आयोजन समिति के सदस्य।

महापुरुषों के आदर्शों को सेवा के माध्यम से जीवंत रखने का अनूठा उदाहरण गांव बड़ेसरा में देखने को मिला। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सबसे प्यारा गांव हमारा सेवा समिति ने भव्य सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया। राजकीय वमा विद्यालय में कार्यक्रम में केवल देशभक्ति का संचार किया, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी ग्रामीणों को नई राह दिखाई। समिति के पदाधिकारियां ने बताया कि समारोह की शुरुआत हरियाणा सामान्य ज्ञान और देशभक्ति भाषण प्रतियोगिता के साथ हुई, जिसमें युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

पूर्व सैनिकों को सैनिक सम्मान समारोह में सम्मानित कर उनकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हुए एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया, जहां नेत्र एवं छाती रोग विशेषज्ञों ने सैंकड़ों ग्रामीणों की जांच की और दवाइयां प्रदान की। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि पहुंचे राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि आज के युग में युवाओं को नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों के त्याग और साहस से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, सबसे प्यारा गांव हमारा सेवा समिति का यह प्रयास सराहनीय है, क्योंकि यह न केवल गांव के गौरव को बढ़ा रहा है, बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर भी काम कर रहा है। वहीं अति विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और उनमें देशभक्ति की भावना भरना ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में समाजसेवी सचिन जैन, विजय मित्तल महम, विजय वीर मुंढ़ाल, महाबीर सिंह जांगड़ा और हनुमान कौशिक ने अति विशिष्ट अतिथि शिरकत की।



विज्ञान प्रदर्शनी में भागीदारी करती छात्राएं।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बीएससी की पेनिका व साक्षी प्रथम

**बाढ़ड़ा ।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढ़ड़ा में महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता व विज्ञान सोसायटी की संयोजिका डॉ. मीना कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार जांगड़ा के विशेष सहयोग से विज्ञान प्रदर्शनी की संपूर्ण व्यवस्था की। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने की क्षमता को बढ़ाना रहा। रसायन विज्ञान के अंतर्गत व्यावहारिक रसायन, औद्योगिक रसायन विज्ञान, औषधीय रसायन विज्ञान, बहुलक, मिलावट की पहचान, नैनो प्रौद्योगिक पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किए। भौतिक विज्ञान में यांत्रिकी, ऊष्मा, दृष्टि विज्ञान, तरंग गति, रॉकेट प्रौद्योगिकी, सुदूर संवेदन मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं भूगोल में जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र, भौतिक परिदृश्य, मरुस्थलीकरण, वनीकरण, वनोन्मूलन तथा सुदूर संवेदन पर आधारित मॉडल छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए।

**कार्यक्रम** लाइनपार वासियों ने उठाई अवैध झुग्गी हटाकर राजकीय कन्या स्कूल बनाने की मांग

## लाइनपार के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, सांसद ने दिए छह लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



सांसद धर्मबीर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते बीआर आंबेडकर शिक्षा सुधार समिति के सदस्य।

वार्ड नंबर-19 स्थित बृजवासी कॉलोनी के डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन में बीआर आंबेडकर शिक्षा सुधार समिति ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। लाइनपार क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों से गदगद क्षेत्रवासियों, रेल अंडरपास महापंचायत, आरडब्ल्यूए व अटल स्पोर्ट्स अकादमी ने सांसद का जोरदार स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने और शिक्षा के स्तर को सुधारने पर जोर दिया। सांसद धर्मबीर ने मौके पर ही डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन के कायाकल्प के लिए छह लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की, जिसके तहत पांच लाख रुपये भवन के सुधारीकरण और मरम्मत कार्यों के लिए तथा एक लाख रुपये विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए होंगे। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी मुख्यधारा में शामिल हो सकता है। अंबेडकर भवन का सुधारीकरण युवाओं को बेहतर माहौल प्रदान करेगा। वार्ड नंबर-19 के पार्षद शिवकुमार गोठवाल ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि लाइनपार क्षेत्र के चार वार्डों में करीब एक लाख की आबादी बस्ती है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कमी है। क्षेत्र में वर्तमान में केवल एक स्कूल है, जो केवल 8वीं कक्षा तक है और भवन भी जर्जर है। छात्राओं को 12वीं तक की पढ़ाई के लिए रेलवे लाइन पार शहर में जाना पड़ता है, जो असुरक्षित और असुविधाजनक है।

**स्कूल के लिए जिला परिषद की भूमि उपलब्ध**

उन्होंने सांसद के समक्ष मांग की कि स्कूल के लिए जिला परिषद के स्वामित्व वाली सरकारी भूमि उपलब्ध है, उस पर वर्तमान में झुग्गियों, मंदिर और बिल्डिंग मैटेरियल की दुकानों का अवैध कब्जा है, अवैध कब्जों व झुग्गी को हटवाकर कन्या स्कूल बनवाया जाए। इस अवसर पर प्रभातीलाल मेहरा, अनिल चौपड़ा, रोहताश वर्मा, रामशरण ठेकेदार, राम सिंह वैद, सोमबीर, हरिदास, सज्जन, सुरेंद्र राणा, इंद्रसिंह लांबा, सोमबीर, जयचंद यादव, नौरंग शेखावत, पीआर मेहरा, रमेश वर्मा, बलजीत गिल व मास्टर सतबीर आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को बताए सफलता के सूत्र पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- सफलता के लिए लक्ष्य, मेहनत, निरंतरता और संयम जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



गांव बापोड़ा स्थित शहीद प्रताप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर 5वें दिन शनिवार को उत्साह एवं ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। शिविर की शुरुआत प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई।

नियमित गतिविधियों के पश्चात आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. सुरेंद्र यादव ने विद्यार्थियों के साथ जीवन में सफल होने के सात महत्वपूर्ण सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि लक्ष्य, मेहनत, निरंतरता, अनुशासन, त्याग, आत्मविश्वास व संयम को अपनाकर कोई भी विद्यार्थी सफलता हासिल कर सकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप राठी ने मुख्यतिथि को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट कर सम्मानित किया।